Thirteenth Loksabha

Session : 11
Date : 20-12-2002
Participants : Yadav Shri Mulayam Singh ,Pramod Mahajan Shri ,Singh Shri Akhilesh

26

Title: Regarding reported atrocities on the MLA(s) and farmers agitating in Uttar Pradesh.

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) :सभापति महोदय, हमने आपकी आज्ञा का पालन किया है लेकिन जब विधायकों की पिटाई हो रही हो, उन्हें घसीटा जा रहा हो तो हम चुप नहीं बैठेंगे। चेयर से अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया था कि तत्काल गृह मंत्री इस संबंध में कुछ बात कहेंगे और वक्तव्य देंगे लेकिन इसके बाद भी वक्तव्य नहीं आ रहा है। हमने कहा था कि किसान मारे जा रहे हैं, विधायकों को पीटा जा रहा है। सीतापुर के तीन विधायक घायल हैं। उन्हें घसीट-घसीट कर ले जाया गया। इस बारे में चर्चा हुई। ...(व्यवधान)आप केवल मंत्री जी से बयान दिलवा दीजिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You have already drawn the attention of the House to this matter.

... (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव :अध्यक्ष महोदय ने रूलिंग दी है कि यहां गृह मंत्री जी आएं और वक्तव्य दें। .यह कौन सी बात है कि चर्चा चल रही है। आप बीच में यदि हमारी बात नहीं सुनेंगे तो किसानों पर जुल्म करेंगे। क्या मुख्यमंत्री के निर्देश पर वहां लाठीचार्ज होगा? मुख्यमंत्री मौके पर थी। एक रिटायर मेजर जे.पी. सिंह हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में सेवा की, फिर वह विधायक रहे हैं। विधायक इनके साथ नहीं रहेंगे तो उनकी पिटाई होगी। ...(व्यवधान)वे हमारे साथ रहेंगे तो क्या आप उन्हें पीटेंगे? वे बीजेपी में नहीं रहेंगे तो पिटाई करोगे।

MR. CHAIRMAN: Shri Mulayam Singh Yadav, you have already drawn the attention of the House and of the Government to this matter. Mr. Minister, what is the position?

... (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव :संसदीय कार्य मंत्री इस बारे में कुछ कहें।

संसदीय कार्य मंत्री तथा संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री प्रमोद महाजन) : सभापति महोदय, मेरी मजबूरी है कि मैं दिनभर यहां बैठा हूं। अगर उत्तर प्रदेश में कोई घटना हुई है जिसकी जानकारी अधिकारिक रूप से मेरे पास नहीं है। जब मेरे पास जानकारी आये तो मैं आप लोगों को बताऊं। अब सत्र का इतना समय बचा नहीं, इसलिये जब अगला सत्र आयेगा तो चर्चा होगी। उसमें आप विस्तार से बोल सकते हैं।

कुंवर अखिलेश सिंह : किसानों के सवाल पर खाद्य मंत्री जी से जवाब दिलवायें। जो चर्चा अधूरी रह गई है, उसका जवाब दिलवायें...(व्यवधान)अभी जो लाठी चली है, उसके बारे बतायें।

श्री प्रमोद महाजन : अखिलेश जी, जिस क्रम में कार्य-सूची में चर्चा दी गई है, उस पर आप पहले चर्चा करें, इसका फैसला आप पहले कर लें। बाद में श्री शरद जी जवाब देंगे।

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति महोदय, हमने सुबह जब इस बात की सूचना दी कि किसानों की पिटाई हो रही है और माननीय सुमन जी भी कह रहे थे कि हमारी चर्चा का जो विाय है, अगले सत्र में ले लिया जाये, उससे सहमत हैं...(व्यवधान)

श्री प्रमोद महाजन : मुलायम सिंह जी, अभी तो सदन में बहस होने दें।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव :सभापति जी, किसानों का मामला है, उनकी पिटाई हुई है...(व्यवधान)खाद्य मंत्री जी ने स्पट रूप से कहा है कि वे बयान देंगे...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Now, we will proceed with discussion under Rule 193.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, there is one Bill to be introduced. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Yes, there is one Bill to be introduced.

… (*Interruptions*)

SHRI RUPCHAND PAL (HOOGLY): Sir, I am on a point of order. Yesterday when I raised the issue of Tehelka, then, the Chair had directed the Minister to make a statement at 2.00 p.m. today. Now, it is about 4.00 p.m. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This is not a point of order. A point of order will not arise out of any ruling.

… (*Interruptions*)

SHRI RUPCHAND PAL : Sir, it was a direction of the Chair. … (*Interruptions*)

SHRI PRAMOD MAHAJAN: I will let you know about your every query. … (*Interruptions*) First, let the Minister introduce the Bill. … (*Interruptions*)